माननीय राष्ट्रपति महोदया के मध्य प्रदेश दौरे -दिनांक 15 एवं 16 नवम्बर, 2022 - के दौरान एनआईसी अधिकारियों द्वारा कैम्प ऑफिस एवं वर्चुअल कार्यक्रम /शिलान्यास में तकनीकी सहयोग।

माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा दिनांक 15 नवम्बर,2022 भगवान बिरसा मुण्डा जयंती पर शहडोल के लाल पुर में राज्य-स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल हुईं |

आदिवासी गौरव दिवस के कार्यक्रम के प्रसारण के लिए एनआईसी मध्य प्रदेश एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग दल द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग व ICT की अविराम सेवाये दी गयी |भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु मध्य प्रदेश के प्रवास दौरान, जिला शहडोल में आदिवासी गौरव दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुई जिसके प्रसारण हेतु एनआईसी की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सेवा ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया । इस अवसर पर माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, माननीय राज्यपाल सांसद श्री मंगूभाई पटेल, माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, अन्य मंत्रीगण , अन्य स्थानीय प्रतिनिधिगण ,वरिष्ठ अधिकारी और आदिवासी जन भी मौजूद रहे |

एनआईसी के भारत वीसी लिंक के माध्यम से 89 आदिवासी ब्लॉक रिवर्स फीड के लिए जुड़े। यह कार्यक्रम एनआईसी की वेबकास्ट सेवाओं के माध्यम से भी प्रसारित किया गया।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने दिनांक 16 नवम्बर,2022 को राजभवन से औबेदुल्लागंज-इटारसी मार्ग के रातापानी खण्ड की चारलेन सड़क और ग्वालियर में रक्षा मंत्रालय की उच्चतम सूक्ष्म जैविक परिशोधन प्रयोगशाला का **वर्चुअल शिलान्यास** किया।

माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु भोपाल से महिला स्व-सहायता समूह सम्मेलन में सम्मिलित हुई। इन कार्यक्रमों के प्रसारण मे भी एनआईसी द्वारा अविराम सेवाएं व सहयोग दिया गया।

इस अवसर पर राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी श्री विजय कुमार विश्वकर्मा एवं श्री कमलेश जोशी, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक द्वारा राजभवन स्थित कैम्प ऑफिस एवं वर्चुअल शिलान्यास कार्यक्रम स्थाल पर तकनीकी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया ।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री मयंक नागर, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही| ग्वालियर एवं रायसेन जिले के जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी सुश्री अभिलाषा जैन एवं श्री दिपेन्द्र कटियार एवं राजभवन एनआईसी सेल प्रभारी श्री जितेन्द्र पाराशर एवं मनीष मालवीय एवं टीम का उल्लेखनीय सहयोग रहा। श्री बदरीलाल खेलवाल, अतिरिक्त जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी द्वारा लाल परेड स्थित ग्रीन हाउस में तकनीकी सहयोग प्रदान किया। एनआईसी शहडोल के जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी अरविंद चौधरी अपनी तकनीकी टीम के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

एनआईसी टीम की सहभागिता की झलकियां :